# वन भूमि के प्रस्ताव की औचित एव आवश्यकता

कार्य का नाम :– **मुख्यमंत्री ग्राम सडक योजना के अन्तर्गत जनपद उत्तरकाशी के विकास खण्ड भटवाड़ी में भल्डियाना लम्बगांव उत्तरकाशी मोटर मार्ग से जसपुर सिल्याण निराकोट मोटर मार्ग का निर्माण कार्य हेतु 2.125 है0 वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव। (4.025 किमी0)**

मुख्यमंत्री ग्राम सडक योजना के अर्न्गत यह मार्ग जसपुर, सिल्याण से निराकोट गावं हेतु स्वीकृति हुआ है। मार्ग निर्माण मे किये गये समरेखणो मे से, सामाजिक आवश्यकता, आर्थिक मितव्ययता तथा तकनीकी दृष्टि से जो समरेखण सर्वदा उपयुक्त पाया गया उसमे 2000 मी0 लम्बाई 500 मी0 लम्बाई मे सिविल सोयम वन भूमि तथा 1500 मी0 लम्बाई मे नाप प्रभावित होगी। इस समरेखण मे कुल 2.125 है0 सिविल/आरक्षित भूमि तथा 1.058 है0 नाप भूमि की आवश्यकता होगी। इस संमरेखण मे विभिन्न प्रजाति के **380** वृक्ष परियोजना के निर्माण कार्य से प्रभावित होगे।

मोटर मार्ग निर्माण की मूल स्वीकृति 8.00 किमी0 की प्राप्त है, जबकि चयनित समरेखण मे 4.025 किमी0 मे ही तीनो गावो को जोडा गया है। जिससे कम लम्बाई मे ही अधिक जनसंख्या को लाभान्वित किया गया है। कम लम्बाई मे जुडने के कारण न्यूनतम वन भूमि प्रभावित होगी तथा न्यूनतम वृक्ष प्रभावित होगें। इस समरेखण की तुलना मे मार्ग का वैकल्पिक समरेखण यदि चयनित समरेखण के उपर रखा जाता है तो वैकल्पिक समरेखण मे अनावश्यक एच0पी0 बैण्ड देने होगे जिससे मार्ग की लम्बाई बढेगी और अत्यधिक वृक्ष प्रभावित होगें एवं पर्यावरण की भी क्षति होगी तथा वैकल्पिक समरेखण मे आम ग्राम सभा की आपत्ति होने के कारण निर्माण करना सम्भव नही है।

उक्त परियोजना के निर्माण से निम्न प्रकार स्थानीय ग्रामों/परिवारों/जनसंख्या को लाभ प्राप्त होगा।

| कम संख्या | गांव का नाम | ग्राम कोड | कुल जनसंख्या | कुल एस0सी0 | कुल एस0टी0 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जसपुर | 040789 | 231 | 0 | 0 |
| 2 | सिल्याण | 040791 | 186 | 0 | 0 |
| 3 | निराकोट | 040792 | 83 | 0 | 0 |

मार्ग निर्माण मे आवेदित वन भूमि के अतिरिक्त अन्य कोई वैकल्पिक भूमि उपलब्ध नही है तथा याचित 2.125 है0 वन भूमि की मांग न्यूनतम है, इससे कम वन भूमि पर परियोजना का निर्माण कार्य कराया जाना सम्भव नही है।

अतः जनहित, कार्यहित एवं मितव्ययता को दृष्टिगत रखते हुए मोटर मार्ग का निर्माण औचित्यपूर्ण है।

अमीन
प्रा0ख0लो0नि0वि0
भटवाड़ी

कनिष्ठ अभियन्ता
प्रा0ख0लो0नि0वि0
भटवाड़ी

सहायक अभियन्ता
प्रा0ख0लो0नि0वि0
भटवाड़ी

अधिशासी अभियन्ता
प्रा0ख0लो0नि0वि0
भटवाड़ी

रा0व0नि0
बाडागडडी

वन बीट अधिकारी
बाडागडडी बीट

अनुभाग अधिकारी
बाडागडडी ~~बाड़ाहाट~~ रेंज
मुखेम

वन क्षेत्राधिकारी
मुखेम रेंज

प्रभागीय वनाधिकारी
उत्तरकाशी वन प्रभाग

Scanned with CamScanner